ykd fo/kk dtyh 'kks/k ,oa nLrkosthdj.k

(अमूल्य भारतीय लोक विरासत)

vuØe

v/;k;	fooj.k	i"B l0
1	ykd fo/kk dtyh&ykd vfHk0;fDr dh cgqjaxh lalkj dh foospukA	2&8
2	Hkkjrh; gfj'pUnz dk dtyh iqe ,d fo'ks"k nLrkosth lUnHkZ	9&26
3	ykd fo/kk dtyh dk ;qx cks/k ij lafo[;kr ykd dyk eeZK ykdfon Jh vrqy ;nqoa'kh ls laokn&lk{kkRdkj	22&27
4	ykd fo/kk dtyh ij ykd fpUrdksa lkfgR;dkjksa ds fopkj ,oa 'kks/kijd vkys[k	28&51
5	ykd fo/kk dtyh dk bfrgkl] orZeku ,oa Hkfo"; ij lqizfl) ykd fpUrd] vkykspd ikS0 cnzh ukjk;.k ls ckrphr	52&55
6	ykd fo/kk dtyh dh mi;kfxrk] egRo] foLrkj ,oa lkekftd psruk ij lqizfl) dtyh xk;dksa ls laokn	56&72
7	dtyh dk _rq cks/k] ijEijk&iz;kx&iz;klfxdrk dk 'kks/k lanHkZ	73&85
8	ykd fo/kk dtyh dk ogn v/;;u ,oa 'kks/kijkUr fo'ks"k lefdr fVIi.kh ,oa fu"d"kZ	86&88

ykd fo/kk dtyh&ykd vfHkO;fDr dk cgqjaxh lalkj dh foospuk

लोक विधा कजली को जाहिर तौर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश विशेषतः मिर्जापुर, बनारस, चन्दौली, सोनभद्र, भदोही, जौनपुर, आजमगढ़ आदि क्षेत्रों और अवध प्रान्त से जोड़ा जा सकता है। परन्तु यह सन्दर्भ सम्पूर्ण नहीं है क्योंकि कजली निकली जरूर इन क्षेत्रों से और परम्परा और ऋतुओं से परन्तु आगे चलकर अपनें विभिन्न प्रकारों से और तमाम तरह के विकास के दौर से गुजरते हुये कजली राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता, पर्यावरण के तमाम संदर्भों को और सरोकारों को अपने में समाहित करती रही। ऋतु परम्परा जिसमें की उत्सव, उल्लास, उमंग और उर्जा का समावेश था उसी की कोख से गाँव देहात में अर्थोपार्जन को लेकर के जो विडम्बना और विसंगति रही उसने विस्थापना और पारिवारिक अलगाव को जन्म दिया जिसने कि विछोह, पीड़ा और टीस के स्वर को मुखर किया। निश्चित तौर पर ग्राम समाज की मौजूद अवधारणा रही होती तो हो सकता है इसका संदर्भ और दूसरी तरीके से होता। मगर फिर भी विस्थापना और विछोह तो जीवन का सत्य ही है क्योंकि हर बार सिर्फ रोटी और पानी की ही तलाश में आदमी नहीं निकलता या यूँ कहें कि जिन्दगी की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ही अपनी जड़ जमीन से अलग नहीं होता बल्कि कई बार अपने को विकसित और सूचित करने के लिये नई दुनिया, नये लोग और नये संदर्भों से जुड़ने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए भी घर से बाहर निकलता है। कहने का तात्पर्य यह कि विक्षोह और दूर जाने की स्थिति तब भी होती तो मनुष्य होने के नाते हमारे भीतर की संवदेना और भाव, हमारे भीतर का प्रेम और वात्सल्य तो जागृत होता ही और यही जागृति हमसे गीत लिखवाती है, हमसे कजली लिखवाती है। लोक विधा कजली की उत्पत्ति के कारण भले ही सीमित हों पर आज उसकी विषय वस्तु को देखते हुये उसका एक विस्तृत आकाश एक इन्द्रधनुषी छटा लिये हुये हमारे सामने उपस्थित है। कजली का यह बहुरंगी संसार लोकमन को उसकी अर्न्तचेतना से जोड़ते हुये उसकी मौलिक अभिव्यक्ति के नये संदर्भों को निरूपित करता है और सोच के धरातल पर एक मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुये चलता है। आज कजली गाँव बस्तियों से लेकर

अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर स्थापित है। आज कजरी में जीवन का कौन सा दर्शन नहीं है। कौन सी बात नहीं है, जिसका उल्लेख नहीं होता हो। कजली के इस बहुरंगी संसार में आज सब कुछ है, आप नाम तो लीजिये। एक बात और आज जब हम इस आधुनिक जन संचार क्रान्ति और सूचना के युग मे जी रहे हैं तो सोशल मीडिया से लेकर न्यूज चैनलों तक का महत्व बहुत बढ़ जाता है। सीधी सी बात है हमारे घर की टी0वी0 स्क्रीन सीधे–सीधे लाखों करोड़ों, अरबों लोगों से संवाद करती है। हमारे हाथ में छोटा सा मोबाईल इस बड़ी दुनिया को एक स्क्रीन के माध्यम से हमारे सामने परोसा देता है। इस छोटी सी स्क्रीन जो कि टी0वी0 या मोबाईल की हो सकती है उसने कजली के प्रचार प्रसार में एक बड़ी भूमिका अदा की है। पद्मश्री सुविख्यात लोक गायिका मालिनी अवस्थी जी ने लोकगीतों और कजली को इन उपरोक्त वर्णित माध्यमों से और राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियों से घर–घर तक पहुँचा दिया है। अपनी कला को निखारने, सँवारने और बढ़ाने के साथ–साथ इस तरह से कला और संस्कृति की सेवा एक नई उम्मीद पैदा करता है। कजरी के इस बहुरंगी संसार को देखते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि मानव जीवन का और सामाजिक जीवन का जिसमें लोक, परलोक, नदी, पहाड़, जंगल, झरना, पेड़ पत्ता, बादल, पशु, पक्षी, जानवर सब हैं सबकी अभिव्यक्ति आज कजली में है। आइये देखते हैं–

मौसम, ऋतु, श्रम, प्रेम, परिवार की सुन्दर अभिव्यक्ति करती हुयी यह कजरी–

रिमझिम बरसैले बदरिया, गुइयां गावैली कजरिया
भोर संवरिया भीजै ना, ओही घनवा के कियरिया।
भोर संवरिया भीजै ना।।

भलै तलवा पोखरिया, नाचे चेल्हवा मछरिया
भोर नजरिया भीजैना, भीजै अंखिया क पुतरिया

भोर संवरिया भीजै ना।।

लागल नखत अदरवा, देखु देखु रें बदरवा
मोर बखरिया भांजैना, भीजैं कोठवा अंटरिया

भोर संवरिया भीजै ना।।

भइले हरियर खिवनवाँ, लौटे भुइयां मैं सवनवां
भोर चुनरिया भीजैना, भीजै सइयाँ क पगरिया

भोर संवरिया भीजै ना।।

भीजै मांगिया के सेन्दुरवा, भीजै सोरहो सिंगरवा
फुलवरिया भींजै ना, सइयाँ खोला न केवरिया

भोर संवरिया भीजै ना।।

भीजैं दुधवा के कटोरिया, मोर मिसिरिया भीजै ना।

यह भी देखें कि कैसे प्रकृति के साथ जीव–जन्तु, मनुष्य, पर्यावरण सब एक साथ सांस लेने लगते हैं–

बोलै बनवाँ में मोरवा घेरैले बदरि
सारी धरती रंगावै गोइया घानी चुनरी
बोलै बनवाँ मैं...

जहाँ जहाँ जाले ऑख, ऑख बिछलाले
चारों ओरी ई है हरियरिया देखाले
घेरैं रहिया सहेलिया खेलैलीं कजरी

बोलै बनवाँ मैं...

धान क कियारी छूवै ताल क किनारी
नीक लागै मुहवाँ पे रस क फुहारा
भोर गोरू चरवहवा बजावै बंसुरी।

बोलै बनवाँ मैं...

नाहीं भावै कहना हमार समनुरिया
सोरहों सिंगार क पियार समउरिया
बड़ा पाजी बा पियरवा करैला रगरी।।

यह देखिये कजरी के माध्यम से जीवन के दर्शन का एक रूप जहाँ मन और अन्तर्चेतना की बात हो रही है–

सगुन चुनरिया कर जल्दी तैयार रे रंगरेजवा
सजध धज के जाबै ससुरार रे रंगरेजवा–

पिया की पाती पाते धड़के
हाथ रे जियरा मोर हो
जाऊगीं जब प्रेम नगर में
राह में मिलिहैं चोर हो
नइहर की सब मोरी कमाई
लइ जइहैं सब छोर हो
सास ननद सब ताना मरिहैं
लागब कउनै ओर हो
इसीलिये तो मैं कहती दिलदार रे, रंगरेजवा।
गुन क गहना नेम की नथुनी,
लेबै आठो अंग सवार
लगन के लटकन मन के मोती
गले बीच लटकइबै हार
माया मोह के मोहन माला
पहिर लेब सुन्दर नगदार
हया के हसुली भाव की बाजू
चेत की चोली बूटेदार
रचि–रचि के करवै सोरहो श्रृंगार रे, रंगरेजवा,
सरम की सारी पहिर लिया है
निज मन को समझाय के
चाह के चादर ओढ़ि के बैठब

आपन मुंह लुकवाय के
चित की चूड़ि कर में पहिरब
मनिहारिन बुलवाय के
करम के कंगन दूनों हाथ में
पहिर लेब बनवाय के
डोलिया पहुँची अब साजन के द्वारे रे, रंगरेजवा।

विरह, विक्षोह, पीड़ा और मानवीय संवेदना को अभिव्यक्ति करती यह कजली–

dtjh

हमें ना सवनवां सोहाय हो, सइयां परदेसवा में छाये।
हार गइली चिठिया पठाय हो, सइयाँ परदेसवा में छाये।
गरजै बदरवा औ चमकै बिजुरिया
नाहीं भावै तीज हमें भावै ना कजरिया
रहि–रहि जिया अगियाय हो
सइयाँ परदेसवा में छाये।
बनवॉ में मोर बोलै बिहरै करेजवा
पिया बेइमान नॉहि भेजैला सनेसवा
गोइया नॉहि बिरहा सहाय हो,
सइयाँ परदेसवा में छाये।।
नाही जाने राम मोर साध कब पूरी
होई जाई एक मन मिट जाई दूरी
मेहंदी कड़ फूल गमुराय हो
सइयाँ परदेसवा में छाये।।

निर्गुण के माध्यम से जीवन की क्षणभंगुरता को अभिव्यक्ति करती यह अविस्मरणीय कजली। यही तो सन्तो, महात्माओं का जीवन दर्शन रहा है जहाँ प्रेम तो अनन्त है लेकिन आसक्ति मना है–

ykd fo/kk dtyh 'kk/k ,o nLrkosthdj.k

(अमूल्य भारतीय लोक विरासत)

बीति जइहैं रतिया बिहान होई जाई
धीरे धीरे पिंजरा पुरान हाई जाई
जेहि दिन पिंजरा से उड़िहैं सुगनवा
मटिया में मिलि जाई सब अरमनवा
मन क सपनवा बीरान होई जाई
पाँच रतनवा से सजल पिंजरवा
चुनि चुनि गढ़िके बनउले सोनरवा
पाला सुगनवा सयान होई जाई
तन रूपि पिंजरा जतन करि रखिहा
आठ पहर हरि नाम रस चखिहा
नाही खड़ी खटिया उतान होई जाई

राष्ट्रीय चेतना के स्वर शहीदों, क्रान्तिकारियों के प्रति आदर और आभार का भाव अपने आप में स्पष्ट कर देता है कि जिन लोगों ने देश के लिये बलिदान दिया है उनको यह देश कभी भूल नहीं सकता। गौर से देखिये तो शब्द–शब्द में हमारे क्रान्तिकारियों के प्रति उनकी अविस्मरणीय सेवा और निष्ठा को सम्मान दिया गया है। देश के प्रति उनके बलिदान को रेखांकित किया गया है और उनके बलिदान का जो ऋण है उससे कभी मुक्त भी नहीं हुआ जा सकता।

भइलै शहीद भारत माता के ललनवॉ
बरदनवॉ दइके अमर ललना।।
मंगल पांडे, का बिगुल बजा, ॲगरेजों पर सब जन कोये
लक्ष्मीबाई, कुॅवर सिंह, नाना साहेब तात्याटोपे
पउलैं वीरगती केउरन के मैदनवॉ।। बरदनवॉ।।
खुदीराम राजेन्द्र लाहिड़ी बिसमिल दास बिहारी
राजगुरू सुखदेव भगत सिंह सभी देश हितकारी
हॅसि हॅसि झूलि गइलैं फांसी पर झुलनवॉ।। बरदनवॉ।।

परमानन्द यतीन्द्र उधम सिंह असफाक उल्ला बटुकेश्वर
सावरवर जी गणेश शंकर वीर शिरोमणि चन्द्रशेखर
सिरसे कफन बांधि भये गोली के निसनवां का बरदनवा
राममोहन, नरेश गंगाधर बिपिन चन्द और रोशन लाल
लाला लाजपत कृष्ण गोखले नेता सुभाष जीम दन गोपाल
कहि कहि बन्देमातरम होइ गयेन सपनवा।। बरदनवा

साम्प्रदायिक सद्भाव को केन्द्रित करते हुये सामाजिक समरसता और धार्मिक स्वतंत्रता को पूरे मनोयोग से आदर के साथ याद किया जा रहा है इस कजली में–

किया करो गुरूनानक जी का ध्यान रे सॅवलिया
जो देते हैं ब्रह्मज्ञान का दान रे सावंलिया।।
याद करो तू कहाँ से आया किधर चला जाता रे
कौन तेरा है पिता सहोदर, कौन तेरी है माता रे।

भारतीय स्वाभिमान को जगाने के साथ–साथ विदेशी वस्तुओं के प्रति मोह और आसक्ति को त्यागने की बात साथ ही गोरों द्वारा भारत को संगठित तरीके से लूटने के उपक्रम को लक्षित करती यह कजरी।

विदेशी वस्त्र छोड़के भाई करो सुदेसी का प्रचार
जबले विदेसी देस में आयल है भारत खरवार।
हिन्द मुलक ऐसा है आला
ऊपजे सब वस्तु चौकाला।

उपर्युक्त उदाहरणों से यह बिल्कुल स्पष्ट हैं कि लोक विधा कजली लोक अभिव्यक्ति का सरस, सरल, मजबूत एवं बहुरंगी माध्यम है जिसमें समस्त प्रकार के सांसारिक विषयों के साथ–साथ लोक परलोक की अवधारणा को भी बहुत ही तरीके से उल्लिखित किया गया है जो इस बात का सूचक है कि कजली का आकाश बहुत विस्तृत है और इन्द्रधनुष के सात रंगों से परे भी कजली का रंग है।

ykd fo/kk dtyh 'kks/k ,oa nLrkosthdj.k
(अमूल्य भारतीय लोक विरासत)

HkkjrsUnq dk dtyh&izse

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने लोकगीतों की रचना में वार्षी कन्या कजली को सबसे अधिक महत्व दिया है। वे इसे लोकचित्त की कोमल कान्त सवेदना मानते रहे। लोकदर्शन के लिए कजली उनकी तीसरी आंख थी। जितनी भी कजलियां उन्होंने लिखी हैं, उनमें उनकी प्राणधारा नादमयी मेधिकाओं की भांति प्रवाहित हुई है। उनकी कजलियां वार्षी लोकगीतों के अतीत से कभी नहीं कटीं। वे कजली की पारम्परिक धुनों से निनांदित होती है। भारतेन्दु की कजलियों में प्रकृति अपने उद्दाम सौन्दर्य के साथ रूपायित होती है। भारतेन्दु अपनी कजलियों को विप्रलंभ जनित पीड़ा के आसंगम से मुक्त कर देते हैं। वे तो 'प्यारे कृष्ण के सखा' और 'राधा रानी' के 'गुलाम' थे, इसलिए 'पिय बिछुड़न को दुसह दुख' का प्रत्यक्षीकरण उन्होंने नहीं किया। उनका मन मंजिष्ठा राग के संस्पर्श से सदैव रससिक्त रहा करता था। ऐसी ही भाव दशा में वे लिखते हैं–

^^ekfg uan ds dq/kkbZ cqyekbZ js gjhAA
cgq iqjokbZ vkSj cnfj;k >qfd vkbZ jkek]
dqt eas cqykbZ cqtjkbZ js gjhAA
cfl;k ctkbZ lqfu lf[k mfB vkbZ jkek]
lc tqfj vkbZ jl cjlkbZ js gjhAA
ek/koh Hkh tkbZ ft; vfr gqylkbZ jkek] dtjh
lqukbZ eu HkkbZ js gjhAA
fey mj ykbZ l;kjh fi; dks yqHkkbZ jkek]
*ukgha gjhpUn iNrkbZ js gjhAA**

भारतेन्दु जी मन के वशीकरण के लिए मनभावन कजलियों से रस की वर्षा करना चाह रहे थे। परतन्त्रता के पाश में जकड़े टूटे, अवसादग्रस्त लोक समुदाय को केवल नवजागरण की नवोदित चेतना ही आवश्यक नहीं थी, उल्लास और उत्साह का परिवेश भी जरूरी था।

भारतेन्दु ने कजरी को रस सृजन के दायित्व का काम सौंपा। कजरी की पुस्तकें लिखीं और उनका नामकरण किया 'रस बरसात', 'वर्षा विनोद' और 'कजरी जयन्ती'। यह नामकरण अकारण नहीं था। देखा जा सकता है कि इन नामों में 'रस' और 'वर्षा' दोनों विद्यमान हैं। दोनों में वर्ण मैत्री है। एक मनुष्य का मन है, दूसरा प्रकृति का सौन्दर्य है। पुरवाई का बहना, बादलों का झुकना और वंशी का बजना मिलनोत्कंठा को तीव्रतर कर देते हैं। भारतेन्दु ने ऐसे ही भावविह्वल क्षणों को अपनी कजलियों में अवतरित किया है। उनके युग में 'मलार जयन्ती' अथवा 'कजरी जयन्ती' जैसे नाम युग की उदग्रता के द्योतक है। धरती के लिए अंकुरण और पल्लवन का सन्देश लेकर आनेवाली वर्षा ऋतु का जयन्ती समारोह रचने और उसमें कजरी गायन करने की परिकल्पना केवल भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ही कर सकते थे। पुनर्जागण का आह्वान केवल राजनीतिक क्षेत्रों में ही वांछित नहीं था। सूर्योदय का अर्थ ही होता है, प्रकाश की किरणों का दिग्दिगन्तर में विस्तीर्ण हो जाना। भारतेन्दु ने अपने दिग् व्यापी रचना–धर्म का प्रतिस्थापन कंजलियों में भी किया। उनकी कजलियां भी प्रकाश की नव चेतना की संवाहिका हैं– परोक्ष रूप से अधिक, प्रत्यक्ष रूप से कम। इसीलिए कजली संकलनों के काम में उन्होंने इतनी सजगता दिखलाई।

भारतेन्दु ने दंगली और अखाड़े की एक भी कजली नहीं लिखी। उनकी सभी कजलियां लोकांचल की नारियों के कंठ से निसृत धुनों में हैं। धुनों में वे परम्परावादीहैं, परन्तु कथ्य में मध्ययुगीन तथा आधुनिक दोनों हैं। उनके समय में कजलियों के अखाड़े स्थापित हो गये थे जिनकें बीच लावनीकी तरह प्रतिस्पर्धात्मक दंगलों के आयोजन होतैं लावनी में भारतेन्दु की दृष्टि कजलियों से भिन्न थी। उन्होंने दंगली लावनियां भी लिखीं, परनतु उनका भी नामकरण किया 'फूलों का गुच्छा'। यह नाम जहाँ जयात्मक उत्कलिका का प्रतीक था, वहीं सांकेतिक भी था। इस नाम में कई सन्दर्भ उभरे थे। लावनी के मार्द्रव के अतिरिक्त इससे जाति, धर्म, सम्प्रदाय तथा राष्ट्रीय एकता का भी भाव ध्वनित हुआ था, सामूहिक गायन और प्रतिस्पर्धा का भी बोध हुआ था, परन्तु अपनी कजलियों में उन्होंने प्रेम तथा सौन्दर्य के उत्तेजक क्षणों एवं एकान्तिक अनुभूति की व्यंजना की थी। मधुरा भक्ति के सन्दर्भ में लिखी

गयीं उनकी कजलियां इसी कोटि में आती हैं। यहाँ इस सन्दर्भ की एक कजरी देना यचिकर होगा—

^^,jh l[kh >qyr fgaMksjs ';kek ';ke fcykd os dne dsrjA
,jh lkHkk nsf[kr gh cfu vkoS fcjN lksgS gjs gjsAA
,jh rgka jedr l;kjh >qys fn, ckg fi; ds xjsA
,jh Nfo nsf[kr gh gfjpUn uSu ejs vkor HkjsAA**

प्रेम भक्ति में विह्वल उपासक की मनोदशा का सघन चित्रण करने में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कजलियां सौन्दर्य के उस केन्द्र से जुड़ जाती हैं, जहाँ भक्त का मन परिधि की तरह रेखांकित रहता है। ऐसी कजलियां आकार में छोटी, परन्तु संवेदित मन की व्यंजना में विराट हैं। ऐसी कजलियों को लिखते समय उनके मन में एक नारी बैठी होती है जो अपने को विवृत करने के लिए आकुल रहती है। उन्होंने अपनी कजलियों को प्रायः झूला से सम्बद्ध रखां 'झूला' उनकी कजली का पूरक था, 'कुंज' अनुपूरक। ये तीनों समरेख थे। हर बिन्दु पर प्रेमी प्रेमिका राधा कृष्ण की उपस्थिति थी।

भारतेन्दु ने कजलियों के उत्सव में नारियों का आह्वान किया जबकि लावनी के समारोहों में पुरूषों का। इस प्रकार वे नारी जागरण के प्रथम चरण को विकसित करने में लगे थे। कंजली लेखन के प्रथम चरण में उन्होंने राष्ट्रीय जागरण, इतिहास, पुराण अथवा धर्म और राजनीति से सन्दर्भित कजलियां नहीं लिखीं। वे कजलियों के मार्ग पर सोपान प्रति सोपान आगे बढ़े थे। पहली आवश्यकता थी नारी मुक्ति की सुसुप्त लालसा जगाना। इसके लिए उन्होंने सहज सरल लोकभाषा में कजलियां लिखीं और उन्हें शहरी तथा ग्रामीण अंचलों में दूर दूर तक प्रसारित करने की व्यवस्था की। वे चाहते थे कि पहले अपढ़ नारियां यह तो जानें कि कहीं हरिश्चन्द्र है जो राष्ट्रीय स्वातंत्र्य के लिए साहित्य संघर्ष कर रहा है। इसके लिए नारी को नारी की तरह समझना जरूरी था। दादरा, खेमटा, नकटा, झूमर, गारी, होली, चेती, बारहमासा जैसी विधाओं की रचना भी वे इसी उद्देश्य के लिए कर रहे थे। गीत की इन सारी लोक विधाओं में नारी अनुगम्य थी, पुरूष अनुग था।

भारतेन्दु को कजरी लेखन की प्रेरणा 'प्रेमधन' से प्राप्त हुई जिसके बाद उनके मण्डल के सभी रचनाकारों तथा मण्डलेतर सौ से अधिक छोटे बड़े कवियो ने कजलियां लिखीं। कजली लेखन के एक नये युग का उदय हुआ, परन्तु कजली लेखन के सामाजिक दर्शन में भारतेन्दु ही शीर्ष पर रहे। हालांकि संख्याम ें इनकी कजलियां प्रेमधन, अम्बिकादत्त व्यास, वामनाचार्य गिरि, मनोहर दास रस्तोगी, शिवदास मालवीय तथा किशोरी लाल गोस्वामी से काफी कम हैं, लेकिन फिर भी वे सबसे महान कजलीकार हुए। इसका कारण यह रहा कि उन्होंने अज्ञात समय से चली जाने वाली परम्परागत कजलियों में नया प्रयोग नहीं के बराबर किया। इनकी सपाट कजलियां लोकनारियों में खूब प्रचलित हुई। कजली में नारी मनोभाव की अभिव्यक्ति की धारणा उन्होंने प्रेमधन के 'नाचघर' में बनाई। सन् 1874 के प्रारम्भ में प्रेमधन जौन से लौटते हुए वाराणसी गये। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से उनकी पहली मुलाकात हुई। भारतेन्दु जी ने उनको 'बुढ़वा मंगल' के आयोजन में सम्मिलित होने का निमन्त्रण दिया। इस आयोजन की मौज मस्ती, उल्लास की उन्मुक्त अभिव्यक्ति तथा समारोह की लोकमयी भव्यता को देखकर वे चमत्कृत हो गये। प्रेमधन बुढ़वा मंगल से मिलता जुलता उत्सव भाद्रपद कृष्ण तृतीया अथ्रत् कजली पर्व पर किया करते थे। उनके 'नाचघर' में व्यावसायिक तथा अव्यावसायिक कजली गायिकाएं भाव प्रदर्शन के साथ कजलियां गाती थीं। बरसात का रस पूरे वातावरण में निस्सीम हो उठता था। प्रेमधन के आग्रह पर भारतेन्दु जी इस वर्ष उक्त आयोजन में सम्मिलित हुए। गायिकाओं को पुरस्कार दिया। प्रायः हर वर्ष वे कजली तीज के महोत्सव में आने लगे। भारतेन्दु की प्रेरणा से प्रेमधन द्वारा आयोजित कजली समारोह में अम्बिकादत्त व्यास, बालकृष्ण भट्ट, किशोरी लाल गोस्वामी, खंग बहादुर मल्ल आदि भी सम्मिलित होने लगे। इस कजली उत्सव में आने के बाद मदन मोहन मालवीय तक कजलियां लिखने लगे। अधिकांश रचनाकारों ने स्वरचित कजलियों में नवजागरण का स्वर उभारा, परन्तु दंगली कजलियां किसी ने नहीं लिखीं। इन धटनाओं का उल्लेख प्रेमधन के भतीजे तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट के ख्याति लब्ध वकील नर्मदेश्वर उपाध्याय ने अपनी पुस्तक 'प्रेमधन परिवार' में विस्तार के साथ किया है।

भारतेन्दु युग में कजली लेखन का जो परिवेश सृजित हुआ, उसकी अभिव्यक्ति 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका', 'हिन्दी प्रदीप', पीयूष प्रवाह' जैसी तद्युगीन पत्रिकाओं में होने लगी। सम्पादक तथा कवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से कजलियों की मांग करने लगे। भारतेन्दु लोक और शास्त्र दोनों को महत्वपूर्ण मानते थे। उनके लिये युग परिवर्तन की दिशा बहुमुखी थी। उनके सम्पूर्ण लेखन से ज्ञात होता है कि शास्त्र और लोक के पारस्परिक संबंधों में वे दरार नहीं उत्पन्न करना चाहते थे, परन्तु शास्त्र को वे लोकोपयोगी बनाना चाहते थे। वे नहीं चाहते थे कि शास्त्र का आतंक लोक को हीनवृत्ति बना दे। रचना और गीत के क्षेत्र में भी वे लोक और शास्त्र का सामंजस्य बनाये रखना चाहते थे। इसी दृष्टि के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कजली और मलार दोनों को साथ–साथ प्रकाशित किया। इन पन्द्रह कजलियों में अधिकांश सोन्दर्यानुराग की भाव भूमि पर हैं परन्तु एक कजलियों में कुछ विप्रलंभ प्रधान भी हैं। ये कजलियां 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका' खण्ड 7 सं0 2, बैशाख शुक्ल 1 सम्वत् 1937 पृ0 29' पर प्रकाशित हुई हैं प्रश्न उठता है कि वासन्ती ऋतु में वे कजली क्यों लिख रहे थे? उत्तर कठिन नहीं है। वे वर्षा ऋतु की तैयारी तो कर रही रहे थे, साथ ही 'कजली' को युग परिवर्तन का साधन भी बनाना चाह रहे थे। युग निर्माण के लिए ऋतुओं का बन्धन उन्हें स्वीकार्य नहीं था। इन कजलियों में से दो एक कजलियों का रसास्वादन करना अनपेक्षित न होगा। प्रियतम के रूप के प्रति तन्मय आसक्ति का चित्रण करती हुई एक कजली इस प्रकार है–

^rkjs ij Hk;s erokj js u;uokA
ykd ykt tl vtl u ekus lj l :i fj>okj js u;uokAA
efnjk ije fi;s erokjs lcls djr fcxkj js u;uokA
*gjhpUn fi; :i nhoku s djr u rfud fopkj js u;uokAA**

पन्द्रह कजलियों की शुरूआत उन्होंने लोक चिन्ता के ही साथ की–

^n[kks Hkkjr Åij dSlh Nkbl dtjhA
feVh /kj e l iaih lc vkbl dtjhAA

n;t on dh fjpu NkfM+ xkbZ dtjhAA
*u;i xu ykt NkM+h eq g ykbZ dtjhAA***

साफ देखा जा सकता है क यह कजली महज एक वर्षा ऋतु का लोकगीत नहीं है बल्कि युग परिवर्तन का महा आलेख है। इस कजली द्वारा कजली की तद्युगीन भूमिका को भलीभांति समझा जा सकता है। कजली सम्पूर्ण समाज को एक रेशमी सूत्र में बांध रही थीं। 'द्विज' से लेकर 'नृप' तक का पुनर्संस्कार हो रहा था और मंत्रोचचार के आसन पर कजली बैठी हुई थी। ''देखो भारत ऊपर कैसी छाई कजली'' की व्यंजना को समझने के लिए मंत्र उद्बोधक की भूमिका कजली को देना लाजमी था। भारतेन्दु ने अपनी कजलियों के माध्यम सें अभिजात्य चिन्तन के दम्भ को छिन्न–भिन्न कर दिया था। हालांकि भारतेन्दु युग में प्रेमधन 'कजली' में महाकवि रहे, परन्तु वे संप्रेक्षण को उस स्तर तक धारदार नहीं बना सके जिस स्तर तक भारतेन्दु ने बनाया था।

ऐसा नहीं कहा जा सकता कि भारतेन्दु की नव जागरण दृष्टि उनकी कजलियों में अनभिव्यक्त रह गई हो। हालांकि उन्होंने श्रृंगार रस प्रधान कजलियां अधिक लिखीं, परन्तु यह भी उन्होंने एक सार्थक उद्देश्य के अनतर्गत किया। अपनी कजली रचना के प्रथ सोपान पर वे चिन्तावसन्न सामाजिक बोध को स्पन्दित करना चाहते थे।

दूसरे सोपान पर लिखी कजलियों द्वारा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने ज़ाहिरा तौर पर नव जागरण का अभियान चलाया था। सबसे पहले उन्होंने इतिहास के उस अध्याय का उद्घाटन किया जिसमें देश को गुलाम बनाने वाली घटना का उल्लेख है, जिसमें फूट, स्वार्थ, छल और राष्ट्र के साथ की गयी गद्दारी की काली कहानी लिखी है। मध्यकालीन इतिहास उनके समक्ष मूर्ति हो उठा। उन्होंने लिखा–

^^dkgs rs pkdk yxk; t;pannokA
*viuks LokjFk Hkwfy yqHkk, dkgs pkVh dVok cqyk, t;pannokAA***

परतन्त्रता की इस दुर्भाग्यपूर्ण घड़ी को समझे बिना नये विचारोदय की कल्पना नहीं की जा सकती थी। इस कजली में 'जयचंदवा' को टेक पद में लिया गया और इसी को

रचना का रदीफ बना दिया गया। लगातार पुनरावृतित द्वारा 'जयचन्द' की घृण्य वृत्ति का उत्खनन किया गया। इसके पीछे निहित उद्देश्य यह था कि भारतेन्दु–युग में जयचन्दों की बढ़ती संख्या खतरनाक स्थिति तक पहुँच गई थी। इस स्थिति पर अंकुश लगाए बिना पुनर्जागरण का स्वस्त्ययननहीं पढ़ा जा सकता था। उन्होंने इतिहास के उस तथ्य को उजागर किया कि देश के साथ गद्दारी करने वाले को भी अपनी दुष्करणीका दुष्फल भोगना ही पड़ता है। पुनर्जागण की यह अत्यन्त यथार्थवादी योजना थी। इसके बाद की कजली में उन्होंने जातीय संघर्षहीनता को चुनोती दी। इसके लिए भी इतिहास की घटना उठाई। घटना सोमनाथ मंदिर टूटने की है। उन्होंने मन्दिर पतन का कारण हिन्दुओं में पुरूषार्थ कआ अभाव बतलाया। यहाँ उन्होंने हिन्दू साम्प्रदायिकता का उल्लेख नहीं किया था, बल्कि हिन्दुत्व की उस विचारधारा का एहसास कराया था जिसके तहत हिन्दू अन्यायपूर्ण किए गए हर आक्रमण का विरोध करता है। कजली का प्रारमभ किया था– ''टूटै सोमनाथ कै मंदिर केहू लागै न गोहार'' और कजली का अन्त किया था– ''अब जग हिन्दू केहू नाहीं एूठै नामै कै बेवहार।'' देखा जा सकता है कि उनकी हिन्दू विचारधारा केवल भारतवर्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका विस्तार पूरे 'संसार' में है। इस कजली के लिखने का उद्देश्य यह था कि वे न्याय के लिए संघर्ष हेतु एक जुझारू और पुरूषार्थी पीढ़ी रचना चाहते थे। इसके लिए वे अत्यन्त संवेदनशील हो उठे थे।

ऐसा नहीं कि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को भारत के मध्यकालीन इतिहास की सामूहिकता पर अविश्वास था। उन्होंने इतिहास के बहुलांश पर आस्था जताई, उसके गौरव के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और इतिहास के उन उज्जवल तत्वों को दोहराते हुए कजलियां लिखीं। ऋतु लोकगीत में इतिहास का पुनर्पाठ करना एक नवीन घटना थी। दंगली कजलियो में पुराण कथाओं को दोहराने की प्रथा तो चल पड़ी थी, परन्तु इतिहास अछूता था। भारतेन्दु ने झूला एूलती हुई स्त्रियों में गायी जाने वाली कजलियों को इतिहास का विषय बनाया। ये कजलियां नारी शिक्षा की प्रथम पाठशाला सिद्ध हुई। किशोरियों से लेकर वृद्धाओं तक ने इस पाठशाला में दाखिला लियां इतिहास के काले और सफेद दोनों अध्याय खुले। काले अध्याय का

जायजा लिया जा चुका हे, अब श्वेत पक्ष की बारी है। एक लम्बी अवधि के इतिहास का पुनर्वाचन करते हुए उन्होंने कजली लिखी–

^^/ku /ku Hkkjr d lc N=h ftudh lt l /kt k Qgjk;
ekfj ekfj d 'k=q fn, gq yk[ku cj Hkxk;A
egkuUn dh Qk t lur gh Mj fldUnj jk;AA
jktk pUn xlr y vk, cVh flY;dl dh tk;A
ekfj cyfpu foØe jg 'kdkjh inoh ik;AA
ckik dkfle ru; egEen thR;k flU/k fn;k mrjk;A

देखा जा सकता है कि इस कजली में ई0पू0 चौथी शताब्दी से लेकर आगे तक भारत के प्राचीन एवं मध्यकालीन इतिहास में घटित गौरवपूर्ण गाथा को राष्ट्रीय गर्व के साथ अनुस्यूत कर दिया गया है। यह उनके इतिहास बोध का जीवन्त उदाहरण है।

भारतेन्दु केवल प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास के प्रति सजग रहे हों, ऐसी बात नहीं। जो काल आगे आने वाली पीढ़ी के लिए इतिहास बनने वाला था, उसका अवलोकन उन्होंने बड़ी गहराई के साथ किया। आम जनता का यही यथार्थ था। वर्तमान के प्रति ही अनुरक्ति और मुक्ति का द्वन्द्व चलता है। भारतेन्दु इस द्वन्द्व के सूत्रधार थे। अपने नाटकों में संस्कृत लेखन के तमाम पुराने नियमों का प्रयोग उन्होंने नहीं किया, परन्तु प्रस्तावना और सूत्रधार को बनाए रखा। उन्हें अपने साहितय में नये युग की प्रस्तावना करनी थी और सूत्र उन्हें ही संभालना था। वे भला प्रस्तावना और सूत्रधार का परित्याग कैसे करते। वे ऐसा कोई परिवर्तन नहीं चाहते थे जो अतीत को आच्छादित कर लें। यह काम उन्होंने अपनी कजलियों में भी किया। उन्हेांने संस्कृत का गहन अध्ययन किया। संस्कृत की बंधी बंधाई परिपाअी को तोड़कर उन्होंने भाषाई सरलीकरण किया और वर्ण वृत्त की परिधि को लोक गीतों तक विस्तृत किया। इसीलिए उन्होंने संस्कृत में फारसी छन्द की लावनियां लिखीं और लोकछनद कजलियां लिखीं। वर्ण चिन्तन को लोकचन्तिन से मिला दियां संस्कृत की कजलियों में उनकी सौन्दर्य चेतना और अधिक सघन हो गई। संस्कृत की कजलियों में उनकी तदीयता का

सौन्दर्य प्रगाढ़तर हो गया। संस्कृत की कजली लिखते समय उनकी दृष्टि में 'गीत गोविन्दम्' के रचनाकार जयदेव रहे। भारतेन्दु की कजली रचना की मनोभूमि को समझने के लिए उनकी एक संस्कृत कजली देना संगत होगा–

^^gfj gfj /khj lehj fogfjr jk/kk dkfyUnh rhjA
dtfy dy dyjo dkdkofy dkjMo dhjAA
o"kfr piyk pk: peRdr l?ku l?ku uhjA
*xk;fr futin inejk.kjr dfooj gfj'pUn /khjAA**

'गुलाम राधा नारी के' कवि भारतेन्दु ने अपनी संस्कृत की प्रथम कजली इन्हीं को समर्पित की। कजलियों के साथ गाये जाने वाला वर्षा ऋतु का एक प्रिय छन्द है बारहमासा। संस्कृत के षड् ऋतु वर्णन तथा लोक में बारहमासा गायन दोनों एक ही सृजन चेतना के उद्भाव हैं। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कजलियों के साथ साथ बारहमासा गीतों की भी रचना की। ग्यारहवीं शताब्दी के अब्दुल रहमान, हेमचन्द सूरि और विनयचन्द सरि ने अपभ्रंश साहित्य में बारहमासा लेखन की जो परम्परा प्रारम्भ की थी, वहभक्तिकाल आते–आते विरल पड़ने लगी। केवल प्रेमाश्रयी शाखा के कवियों ने ही बारहमासा के शिल्प और संवेदना की रक्षा करते हुये इसे लोकतत्व से सम्बद्ध रखा। रीतिकाल में बारहमासा लिखने की परम्परा ध्वस्त हो गयी परन्तु यह थे भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जिन्होंने बारहमासा की भक्ति परम्परा को पुनर्जीवित कर दिया। उन्होंने बारहमासा को ऐसी सुरम्य रचना के रूप में उभारा जिसमें लोकतत्व और साहित्य तत्व एक दूसरे में घुलमिल गये। भारतेन्दु के प्रयासों के कारण बारहमासा लेखन उनके युग की रचना विधा का एक उल्लेखनीय शिल्प बन गया। उस युग की सभी पत्रिकाएं बारहमासा की रचनाओं से भरी पड़ी हैं। उन्होंने स्वयं अपनी पत्रिका 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका' में बारहमासा प्रकाशित करने का क्रम प्रारम्भ कर दिया। एक उदाहरण–

^^vk"kk<+ ek ?ku xjft vk;s nkfeuh uHk nefdghA
lud iou lulu gfjr ouHkfe lqUnj ygyghAA
rgk ijr eUn Qqgkj uo lqdekj fi; xy ckg nhA

ru iqyfd Hkhtr fQjr xkor fefy eykj uVh iyAA

^^ckjgekl k**

^^ekl vlk<+ mefM+ vk, cnjk _rq cjlk vkbZA

ckyeq ekj lkj pgq fnl ?ku?kksj ?kVk NkbZAA

iihgu ih ih jV ykbZA

Hkk;ks vkjEHk fo;ksx fQjh tc dke dh ngkbZAA

nf[k eksjh rfc;r ?kcjkrhA

*dlls jlu dVs fcu fi; ds uhan ugha vkrhAA***

'बारहमासी' में वे रीतिकाल के समीप हैं और 'बारहमासा' में आधुनिक काल के। पहले में भाषा और छन्द दोनों असंक्रमित हैं जबकि दूसरे में संक्रमणशील। इतना तो निश्चित है कि भारतेन्दु ने अपनी बारहमासा विधा में वियोग श्रृंगार का ही चित्रण किया है। बारहमासा की यी परिपाटी अप्रभ्रंश काल से चली आ रही थी परन्तु अप्रभ्रंशकालीन कवियों ने अपने बारहमासों का प्रारम्भ सावन महीने से किया था। लगता है कि उन कवियों ने महीनों की गणना ऋतु विभाजन के आधार पर की थी। भारतेन्दु ने अपने 'बारहमासे' जायसी के अनुसार आषाढ़ महीने से शुरू किए। लोक में वर्षा, जाड़ा और गर्मी तीन ही ऋतुओं की अवधारणा थी। भारतेन्दु इसी लोक अवधारणा के अनुगामी थे। इसलिए उनके बारहमासे आषाढ़ महीने से आरम्भ होते हैं।

भारतेन्दु ने अपने बारहमासों में प्रायः टेक पद का विधान किया है परन्तु उनकी किसी भी बारहमासी में टेक पद नहीं है। बारहमासों के अतिरिक्त उन्होंने कुछ 'चौमासा' भी लिखे। इसकी संवेदना भी विरहानुभूति है। प्रकृति का चित्रण उद्दीपन रूप में किया गया है। इन चौमासों में आषाढ़ से क्वांर तक का चित्रण हुआ है। भारतेन्दु युग में ही ये बारहमासे कजली और लावनी के दंगलों में गाये जाने लगे थे। इसी कारण इनका प्रचार दूर–दूर तक गांवों में होने लगा था।

बारहमासा की तरह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'मलार' गीत भी खूब लिखे। इनके अधिकांश

मलार गीत झूला और दोला क्रीड़ा से सम्बद्ध हैं। इन मलार गीतों में प्रेम, श्रृंगार, सौन्दर्य भक्ति और प्रकृति की मनोहर शोभा का वर्णन विविध रूपों में किया गया है। भारतेन्दु कंजली, बारहमासा और मलार के संगम को पावन लोक रचना विधा मानते थे। उन्होंने 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका' में प्रकाशित इन तीनों विधाओं की रचनाओं का संग्रहण और संकलन कर 'मलार जयन्ती कजली संग्रह' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसके अतिरिक्त 'वर्षा विनोद' और 'रस बरसात' में भी इन तीनों विधाओं की रचनाएं उपलब्ध हैं।

बारहमासा गीतों की तरह 'मलार' गीतों की परम्परा विच्छिन्न नहीं हुई। इतना अवश्य हुआ कि इनका संगीत के क्षेत्र में शास्त्रीयकरण हो गया। भारतेन्दु युग तक मलार एक शास्त्रीय राग हो गया। भारतेन्दु ने अपनी मलार रचनाओं को उक्त दोनों दृष्टियों से देखा। उनके कुद मलारों की सरस परम्परा लोकगीतों की तरह ही बनी रही। इनमें वर्षा ऋतु की रागमयी अभिव्यंजना भी हुई और राग तथा ताल से भिन्न लोकगीतों की लयात्मक अन्विति भी बनी रही। सभी जानते हैं कि मिथिलांचल की नारियां झूले पर बैठकर वर्षा ऋतु में मलार का गायन कजली की तरह आज भी करती है। भारतेन्दु ने इस शैली के भी मलार गीत लिखें। उन्होंने ब्रज की स्त्रियों द्वारा गाये जाने वाले मलारी गीतों की भी धुन ग्रहण की और इस धुन के मलार लिखें। इन सबके साथ ही शास्त्रीय संगीत में स्वीकृत मलार राग की भी रचना की। जो मलार शास्त्रीय संगीत में लिखे गये, उनमें राग और ताल का भी उल्लेख कर दिया गया। इस प्रकार मलार को भी कजली की भाँति व्यापक और सामूहिक स्वीकृति मिली।

भारतेन्दु के रचनाकार व्यक्तित्व की एक बड़ी खूबी यह भी कि जिन रचना विधाओं को उन्होंने अपने युग के लिए उपादेय समझा, उन्हें स्वयं तो अपनाया ही, साथ ही अपने मण्डल के अन्य रचनाकारों को भी उन विधाओं में रचना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने युग के सभी रचनाकारों से मलार लिखवाए। हर प्रकार की रचना विधा में मलार का सन्निवेश किया, नाटक, काव्य ग्रन्थ, लोकरचना विधा और पत्र पत्रिकाओं मे मलार गीतों को स्थान दिया। शास्त्रीयता के पाश में जकड़ते मलार को उन्मुक्त कर दिया। मलार लिखा–

^^fi;k cu lu h lf t;k lkfiu lhA

ekjk ft;jk Mfl&Mfl yxr

jru Mjkjh dkjh Hkkjh 0;kdqy fi; fcu pqrA

rM+ir djoV yxr vdqyh /khj tdkÅ ufgu nqrA

*fi; gfjpUn fcuk dks xjoks yfx dS gk; fuokgS gqrAA**

इस मलार गीत में लोकगीतों की लय पूरी तरह सुरक्षित है। यह कजली से जरा भी भिन्न नहीं है। यदि इस गीत को मलार का शीर्षक देकर न लिखा गया होता तो उसकी गणना 'सावनी' गीतों में ही की जाती। यह अज्ञात नहीं है कि जिन क्षेत्रों में वर्षा लोकगीत 'कजली' नाम से नहीं गाए जाते वहाँ वे 'सावनी' नाम से लोककंठ की निधि बने हुए हैं। भारतेन्दु ने अनेक सावनी गीत भी लिखे। उनके सावनी गीत स्त्रियों द्वारा झूले पर गाये जाने वाले मलार गीत के ही समान हैं। उदाहरण के लिए उनकी लोकगीत रचना 'वर्षा विनोद' में संकलित एक 'सावनी' को लिया जा सकता है–

^^fi; fcuq l[kh uhan u vkos lkfiu lh Hkbz jru

0;kdqy rM+iS vdqyh ihre fcu ufga pSuA

dSls eSa thÅa fcuq l;kjs gk cjlr Vi&Vi uSuA

*gjhpUn djr u lkou ekjr ekgu esuAA**

लेकिन सांगीतिक मलार लिखते समय वे राग और ताल का नाम देना नहीं भूलते। 'ख्याल मलार ताल झपक', 'ध्रुव पद टोडी वा गौड़ मलार चौताला', 'सूरदासी मलार, आड़ाना तिताला', 'मलार खेमटा', 'मलार परज', 'मलार की ठुमरी', 'राग मलार चौताला' जेसे दो दर्जन रागों और तालों का निर्देश मलार रचना के प्रारम्भ में कर दिया गया।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कजली, मलार, सावनी और बारहमासा की रचनाएं ही नहीं की बल्कि कजली की उत्पत्ति, उसके विकास और नामकरण पर भी प्रकाश डाला। कजली लोक विधा को लेकर अनेक लोगों ने इतिहास लेखन किया। कजली गीतों के वर्गीकरण, लय निर्धारण और भाषा संगठन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। यह भारतेन्दु की प्रेरणा थी। यदि गांवों और लोकांचलों में कजली गयी तो साथ उसका इतिहास भी गया। अपनी

ऐतिहासिक परम्परा से जुड़ी कजलियों के प्रति लोगों में आत्मीयता के भाव जागे।

भारतेन्दु ने कजली का सन्दर्भ उठते हुए दो बहुत महत्वपूर्ण तर्क दिए हैं। पहला है इतिहास अर्थात् कन्तित देश में किसी दादूराय राजा का राज्य। चूँकि उस राजा का विरोध मुसलमानों के साथ दिखाया गया है, अतः इतिहास का यह पन्ना मध्यकालीन ही हो सकता है। एक दूसरा तर्क है भूगोल अथ्रात् किसी कजरी वन की स्थिति जो विन्ध्याचल मन्दिर के आस पास कहीं रहा होगा। यह शोध का विषय है। भारतेन्दु जैसे प्रामाणिक रचनाकार से अर्थहीन स्थापनाओं की कल्पना नहीं की जा सकती। उनकी पौराणिक मान्यता तो उन सभी लोगों ने स्वीकार की जिन्होंने कजली का इतिहास लिखा। इस श्रृंखला में प्रेमधन ने 'कजली कुतूहल' में कजली का इतिहास तथा लेखन कला पर बड़े विस्तार के साथ प्रकाश डाला है। अम्बिकादत्त व्यास, किशोरी लाल गोस्वामी और मनोहर दास रस्तोगी के 'कजली इतिहास' की खोज महत्वपूर्ण है। भारतेन्दु द्वारा स्थापित इस मत के सभी समथ्रक हैं कि कजली पुराण परम्परा से निसृत हुई है, यह लोकगीत विधा कान्तित की देन है और इसका जन्म ग्यारहवीं या बारहवीं शताब्दी में हुआ था। भारतेन्दु ने अपनी पुस्तक 'हिन्दी भाषा' में एक पुरानी कजली का उल्लेख भी किया है। सन्दर्भ देते हुए उन्होंने लिखा है''

^^fi; fcuq ih;j HkbY;s jstl vukj dh dyhA
fnYyh ds njctok gks ufFk;k ,syh fcdk; yks;A
tk; dgks ekjs ckjs lS;k ls ufd;k NNs ck;AA

निश्चित रूप से इस कजली की भाषा भोजपुरी है, परन्तु शब्द चयन और संरचना शिल्प को देखते हुए इसको 11वीं–12वीं शताब्दी की कजली नहीं कहा जा सकता।

तथ्य चाहे जो हो, परन्तु कजली के प्रति भारतेन्दु जी का लगाव इससे अवश्य सिद्ध होता है। भारतेन्दु जी की प्रेरणा से ही तद्युगीन नाटककारों ने अपनी कृतियों में कजली, सावनी, मलार और बारहमासा की संयोजना की और कजली को साहित्य के सिंहासन पर बैठा दिया। यह था भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का कजली प्रेम।

ykd fo/kk dtyh 'kk/k ,o nLrkothdj.k

(अमूल्य भारतीय लोक विरासत)

ykd fo/kk dtyh d ;xck/k ij lfo[;kr ykd dyk eeK ykdfon Jh vry ;nokh l lokn& lk{kkRdkj

श्री अतुल यदुवंशी राष्ट्रीय स्तर पर लोक कला और लोक कलाकारों के विकास, संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये जाने जाते हैं। आप स्वयं बहुत ही प्रख्यात लोक कलाविद् हैं, लोक नाट्य निर्देशक हैं और लोक कला के हर तरह के फार्म और कन्टेन्ट को पूरे सम्मान के साथ सवंर्द्धित और प्रदर्शित करने में आगे रहते हैं, आप उत्तर प्रदेश संगीत नाटक एकेदेमी से सम्मानित हैं तथा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की विविभिन्न कमेटियों में बतौर सदस्य अपनी सेवायें देते रहे हैं। साथ ही आपने संस्कृति मंत्रालय की वरिष्ठ अध्येत्ता की है एवं अमूर्त लोक कला पर भी आपने शोध किया है। भारतीय लोक कला महासंघ के आप राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लिहाजा लोक कला और लोक कलाकारों के जीवन के विकास और उनकी कला के संरक्षण और उत्तरोत्तर उन्नयन के लिये आपका नेतृत्व उल्लेखनीय है। लोकगीत कजली के प्रति भी आपकी गहरी अर्न्तदृष्टि है और कजली के कई राष्ट्रीय प्रस्तुतियों में आपकी उपस्थिति और सहयोग का संदर्भ रहता है।

लोक कलाओं के वृहत्तर संरक्षण–संवर्द्धन एवं लोक कलाकारों के मान–सम्मान, अधिकारों हेतु अखिल भारतीय स्तर पर आपने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया है। यहाँ पर तमाम–तमाम केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों के साथ लोक कलाओं एवं लोक कलाकारों के पक्ष में प्रबल पैरोकारी के लिये भी जाने जाते हैं। विशेष बात यह भी है कि आपने लोक नाट्य नौटंकी जैसी जीवन्त एवं रसवन्त परम्परा जो विलुप्ति के कगार पर पहुँच गयी थी। उस विधा में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, कालीदास, मुंशी प्रेमचन्द्र एवं लोक कथाओं पर आधारित

नौटंकियों की राष्ट्रीय–अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सफल प्रस्तुति कर नौटंकी के प्रति नवजागरण और युगबोध का गौरवशाली भाव पैदा किया।

lk{kkRdkj

iz'u % dtyh dks ,d ykd fo/kk ds :i esa vki dSls ns[krs gSa

mRrj % कजली को लोक विधा कहा जाय या एक समूची संस्कृति कहा जाये। वस्तुतः जमीनी स्तर पर यह घर–घर में है और लोक में व्याप्त है। कजरी की उपस्थिति, स्वीकृति और इसका व्यापक प्रचार इसके शिल्प एवं रूप को देखकर समझा जा सकता है। भारतीय दर्शन और परम्परा का सजीव प्रतीक है कजली। सच पूँछिए तो क्या नहीं है कजली में। उत्सव, प्रेम, विरह, विक्षोह, राष्ट्रभक्ति, निर्गुण, सामाजिक चेतना, देखिए ना! कितना बड़ा फलक है कजली का, सच पूँछिए तो सब कुछ तो है कजली में। कजली अपने साथ–साथ इतिहास का दस्तावेजीकर करते हुए चलती है। और सचमुच यह व्यापक शोध का विषय है बल्कि मैं यूँ कहूँ कि निरन्तर वृहद–विस्तृत शोध का विषय है कि कजली किस तरह से अपने समय के राग को अपनी अर्न्तचेतना के माध्यम से अभिव्यक्ति कर रही थी।

iz'u % dtyh ds n'kZu i{k ij D;k dguk pkgsaxs vkSj D;k ykd ijEijk ds :i esa dtyh dk Hkfo"; dSlk gS

mRrj % कजली का भविष्य बहुत शानदार है। मैं इसमें किसी तरह का कोई खतरा नहीं देखता। मुख्यतः लोक कलाकारों, लोक गायकों ने कभी भी अपने आपको कजली से दूर नहीं किया और यह भी हकीकत है कि कजली भी कभी इन कलाकारों से दूर नहीं हुई क्योंकि इन कलाकारों में परम्परा और संस्कृति के बीज रोपित थे। आप देखिये ना, आज भी कजली उत्सव महोत्सव गाँव, जिला, ब्लाक, विकास खण्डों में बराबर हो रहे हैं। कजली को लेकर सशंकित होने का कोई कारण नहीं है। जनपद–जनपद गाँव–गाँव कजरी लोक गायकों के लिये अनिवार्य सी है, न कलाकार भूलता है, न सुनने वाला भूलता है। कहना चाहूँगा कि भले ही यह परम्परागत रूप से ऋतु गीत है परन्तु लोक संवाद में यह बारहमासी अभिव्यक्ति है।

yksd fo/kk dtyh 'kks/k ,oa nLrkosthdj.k
(अमूल्य भारतीय लोक विरासत)

iz'u % **dtyh esa fo{kksg vkSj foLFkkiu dk nnZ gS rFkk xzke Lojkt dh Hkkfedk esa vFkksZiktZu dk ydj Hkh lanHkZ gS] D;k dguk pkgsaxs**

mRrj % कजरी ने सदैव समय के साथ मुठभेड़ किया है और अपने समय की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। विस्थापन के गीत, नायक नायिका के संदर्भ जरूर इसके मूल में है परन्तु कजली ने अपने वक्त को और उसकी सख्ती को बखूबी अभिव्यक्त किया है। यह बात सही है कि विस्थापन से उपजी है और अगर हमारा ग्राम समाज आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर होता तो विस्थापना के इस दर्द से नहीं गुजरना पड़ता परन्तु कहा गया है कि चुनौतियों से ही सफलता के सूरज निकलते हैं और यह बात कजली पर बिल्कुल फिट बैठती है क्योंकि इसी विस्थापना और विक्षोह की पीड़ा और टीस से उत्पन्न गायकी की यह महान परम्परा आज जगत विख्यात है।

iz'u % **,d yksd dyk yksd xhf;dh ds :i esa lkekftd lejlrk ds {ks= esa dtyh dk D;k ;ksxnku gS**

mRrj % कजली सदैव से कौमी एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकीकरण की बात करती रही है। ऐसी कोई कजली नहीं जिसने राष्ट्रीय एकता की भावना को कभी कमजोर किया हो। ऐसी कोई कजली नहीं जिसने साम्प्रदायिक सद्भाव, सामाजिक समरसता के पवित्र भाव को थोड़ी भी चोट पहुँचाई हो। वास्तविकता यही है कि जिस दौर में ऐसे अवसर आये जब हमारी सामाजिक एकता और समरसता में किसी तरह की शंका के बीज पड़े, कोई खतरा सा महसूस हुआ तो पूरी मजबूती के साथ कजली अपनी सांस्कृतिक लोक चेतना के साथ सामुदायिक सार्थक जनभावना का संचार करते हुये हमारे समक्ष आयी। ऐसी न जाने कितनी कजलियाँ हैं जिनमें समाज को जोड़ने की बात कही गयी है, सामाजिक सद्भाव के प्रेम रूपी धागे को और मजबूत करने की बात कही गयी है, पर्व, तीज, त्यौहारों को सामाजिकता की मिठास बढ़ाने का उद्यम बताया गया है, सुख दुःख को साझा करने की संस्कृति विकसित की गयी है। लिहाजा हम कह सकते हैं कि कजली ने साम्प्रदायिक एकता,

सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकीकरण और सामाजिक चेतना, अर्न्तचेतना को सदैव जागृत किया है और समाज में एक सार्थक, सकारात्मक, सर्जनात्मक तत्व का भाव बोध पैदा किया है।

प्रश्न : कोई एक कजरी हो जाये?

उत्तर : जी बिल्कुल, लीजिये यह कजली जिसमें प्रेम और समर्पण का पूरा दर्शन बोध है और यह कहने की जरूरत नहीं कि प्रेम और समर्पण का अनकहा शास्त्र हम सबकी माँ होती है। यह कजली भी मैंने अपनी माता जी से सुनी थी जो मुझे आज भी याद है और कई प्रस्तुतियों में मैंने इसका इस्तेमाल भी किया है।

कजरी

चढले सावन हो महिनवा,
हरि मोरा जोगिया भइलो ना.....
हरि बिन सूनीमहल अटरिया,
सब जग सूना भइले ना
सखियाँ कैसे कहूँ दिलबतिया,
हरि मोरा जोगिया भइले ना.....

दिनवा गिनत मोरी घिसली उगिरिया
रतिया बीते लेत करवटिया
सखियाँ कैसे कहूँ दिल बतिया,
हरि मोरा जोगिया भइले ना......

रहिया तकत मोरी बीतली उमिरिया,
नैनन जोति गई मोरी सखिया
सखियाँ कैसे कहूँ दिल बतिया,
हरि मोरा जोगिया भइले ना.....

चुनि–चुनि खायो कागा दही क देहिया

कागा छोड़ दीहो दुइनो अँखिया

हरि दर्सन की प्यासी ना.....

iz'u % dtyh esa izse dk lUnHkZ cgqr gS] dqN dguk pkgsaxs\

